तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 25 अगस्त 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 शराबबंदी को लेकर बारिश में छाता लेकर सड़क पर उतरी महिलाएं



## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन आज

**कोरबा।** राजपूत क्षत्रीय समाज द्वारा सामाजिक क्षेत्रों में लगातार बढ़चढ़कर कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में 25 अगस्त को रामजनकी मंदिर परिसर महाराणा प्रताप भवन बुधवारी बाजार मैदान में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे जिला स्तरीय आयुष मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के साथ यूनानी होम्योपैथिक चिकित्सक सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी। जिला स्तरीय आयुष मेला में आयुष चिकित्सकों के अलावा होम्योपैथिक एवं यूनानी चिकित्सक उपस्थित रहेंगे। उपचार के साथ दवाईयों का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। आयुष स्वास्थ्य मेला की तैयारी में संरक्षक आरके सिंह, राज सिंह, विजय सिंह, दिनेश सिंह, बच्चू सिंह, छन्नू सिंह, जितेंद्र सिंह, प्रमेश चंद्रा जुटे हुए हैं। राजपूत क्षत्रीय समाज के अध्यक्ष ठाकुर अवधेश सिंह ने बताया कि राजपूत क्षत्रीय समाज समाज सेवा के कार्यों में लगातार आगे आ रहा है। स्वास्थ्य मेला उसी कड़ी में आयोजित किया जा रहा है।

### दुर्घटनाओं से बचाने मवेशियों के गले में बांधी रेडियम पट्टी

**कोरबा।** कोरबा से उरगा हाईवे मार्ग पर सड़क सुरक्षा की दृष्टि से एक सराहनीय पहल की गई। जिला परिवहन अधिकारी विवेक सिंह एवं उड़नदस्ता टीम द्वारा हाईवे पर विचरण करने वाले मवेशियों को सड़क दुर्घटनाओं से बचाने के उद्देश्य से उनके गले में रेडियम पट्टी बांधी गई। यह पहल पोला पर्व के अवसर पर की गई, जिससे रात्रि के समय वाहनों की हेडलाइट की रोशनी में गाय एवं बैल स्पष्ट रूप से दिखाई देंगे। इसके परिणामस्वरूप सड़क दुर्घटनाओं की संभावना में कमी आएगी। डीटीओ विवेक सिंह ने बताया कि यह कदम आमजन की सुरक्षा तथा सड़क दुर्घटना नियंत्रण के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित ड्राइविंग को प्राथमिकता दें। इस अवसर पर टीआई अतुल तिवारी, विजय दीक्षित, संजय वस्त्रकार, विकास ठाकुर, चंद्रशेखर देवांगन और उड़नदस्ता टीम शामिल रही।

### कलेक्टर ने डिजीटल फसल सर्वे का किया अवलोकन

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत ने भैंसमा तहसील के अंतर्गत ग्राम करमंदी में किसान भरतलाल और चमार साय के खेत पर पहुंचकर सर्वेयर एवं राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा किए जा रहे डिजिटल फसल सर्वेक्षण कार्य का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने सर्वे में लगे कर्मचारियों-पटवारियों को त्रुटि रहित एवं शुद्धता पूर्वक गिरदावरी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिन गांवों में डिजीटल फसल सर्वे नहीं हो रहा है, उन गांवों में भी शुद्धतापूर्वक गिरदावरी के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर श्री वसंत ने मौके पर उपस्थित किसानों से बातचीत कर डिजिटल फसल सर्वेक्षण कार्य के संबंध में जानकारियां भी दी। उन्होंने कहा कि डिजिटल फसल सर्वेक्षण के माध्यम से किसानों द्वारा खेत में बोये जाने वाली फसलों एवं क्षेत्रफल की वास्तविक जानकारी मिल सकेगी। डिजिटल फसल सर्वेक्षण कार्य के अंतर्गत सर्वेयर द्वारा संबंधित खसरा नंबर में जाकर डिजिटल क्रॉप सर्वे एप्प के माध्यम से संबंधित खेत का फोटो खीचकर इसकी प्रविष्टि की जाएगी। इससे फसल के रकबे को कम या अधिक लिखे जाने की संभावना समाप्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि डिजिटल क्रॉप सर्वे से किसानों को बहुत जरूरी लाभ प्राप्त हो सकेगा। इनमें किसानों को कृषि उपज बेचने के लिए अब अपने दस्तावेजों का बार-बार सत्यापन कराने से मुक्ति मिल जाएगी। इसके साथ ही फसल से जुड़ी सारी अहम जानकारी भी किसानों को एक जगह मिल जाएगी। इससे किसानों को अपनी उपज न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बेचना आसान हो जाएगा। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ दिनेश कुमार नाग, सहायक कलेक्टर क्षितिज गुरभेले, एसडीएम सरोज महिलांगे उपस्थित रहे।

# मड़वारानी मंदिर परिसर की बदलेगी तस्वीर, बनेंगे हॉल, शेड और होगी पेयजल की व्यवस्था

## डीएमएफ व सीएसआर से होंगे कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ मड़वारानी

अलग खबर

कलेक्टर अजीत वसंत ने बुधवार को कोरबा चाम्पा मार्ग पर स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मां मड़वारानी मंदिर स्थल का दौरा किया। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों और मंदिर से संबंधित समिति के सदस्यों से चर्चा की। समिति की सदस्यों और अन्य ग्रामीणों द्वारा मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं को होने वाली परेशानियों से कलेक्टर को अवगत कराते हुए विभिन्न मांग रखी गई।

समिति के सदस्यों ने बताया कि नवरात्रि के समय यहाँ हजारों श्रद्धालुओं का आना होता है। इसके साथ ही अन्य दिनों में भी आसपास सहित दूरदराज के श्रद्धालु देवी के दर्शन सहित अपनी मनोकामना और आस्था के मद्देनजर आते हैं। यहाँ उन्हें विश्राम और लंबी कतार होने पर गर्मी के दिनों में धूप में तथा बारिश के दिनों में बारिश में खड़ा होना पड़ता है। गर्मी के दिनों में पेयजल की समस्या भी उतपन्न होती है। कलेक्टर श्री वसंत ने स्थानीय ग्रामीणों और मंदिर समिति की मांग को गंभीरता से लेते हुए मंदिर परिसर को संवारने सहित श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अनेक मांगों पर सहमति दी। कलेक्टर ने जिला खनिज न्यास मद और सीएसआर से श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए तीन शेड निर्माण, एक हॉल, दर्शनार्थियों के कतारबद्ध होने के लिए स्टील की रेलिंग और छायादार शेड निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने की बात कही। कलेक्टर द्वारा श्रद्धालुओं के हित में अनेक निर्माण कार्यों की सहमति मिलने पर सभी ने आभार जताया। कलेक्टर ने विद्युत विभाग को मड़वारानी मंदिर परिसर में पर्याप्त क्षमता के ट्रांसफार्मर स्थापित करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने पेयजलापूर्ति के लिए भी पहल करने की बात कही है। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ दिनेश कुमार नाग, सहायक कलेक्टर क्षितिज गुरभेले, एसडीएम सरोज महिलांगे और जनपद सीईओ समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**खास बातें**

- कलेक्टर अजीत वसंत ने किया मड़वारानी मंदिर परिसर का दौरा



## कुसमुण्डा-इमलीछापर मार्ग का मामला

# जलमग्न फोरलेन सड़क पर नहाकर व्यापारियों ने किया अनोखा विरोध प्रदर्शन



सड़क पर बने गड्ढे में नहाकर विरोध प्रदर्शन करते व्यापारी।



गड्ढों में तब्दील सड़क।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गड्ढों में तब्दील जर्जर सड़क के नवनिर्माण की मांग को लेकर कुसमुण्डा में व्यापारियों ने अनोखा प्रदर्शन कर अपना विरोध जताया। विकासनगर के जलमग्न फोन लेन सड़क पर व्यापारी संघ के नेतृत्व में स्नान कर व्यापारियों ने प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो की जिले भर में चर्चाओं का बाजार सरगर्म रहा।

**खास बात**

- व्यापारी संघ के नेतृत्व में दुकानदारों ने खोला मोर्चा, आंदोलन की दी चेतावनी

कुसमुंडा क्षेत्र में सड़कों की बदहाल स्थिति और लंबे समय से चली आ रही समस्याओं के खिलाफ रविवार को व्यापारियों ने एक अनूठा और प्रभावशाली विरोध प्रदर्शन किया। नाराज व्यापारियों ने विकास नगर के जलमग्न फोरलेन पर गड्ढों में जमा पानी में नहाकर प्रशासन के खिलाफ अपना आक्रोश जताया। इस विरोध प्रदर्शन का वीडियो सोशल मीडिया खूब वायरल हुआ। व्यापारिक संघ के अध्यक्ष अशोक राठौर ने बताया कि पिछले दो वर्षों से इमलीछापर चौक और चर्च कॉम्प्लेक्स के पास सड़क की यही स्थिति बनी हुई है। बारिश शुरू होते ही सड़क पर बड़ा जलभराव हो जाता है जिससे दुकानदारों का व्यापार ठप हो जाता है। कॉलोनी के निवासी और राहगीर भी इस जलजमाव और कीचड़ भरी सड़कों से परेशान हैं। स्थानीय निवासियों ने बताया कि इमलीछापर क्षेत्र का ओवरब्रिज लंबे समय से बंद पड़ा है, जिससे वैकल्पिक रास्तों पर अत्यधिक दबाव पड़ रहा है। औद्योगिक क्षेत्रों दीपका, कुसमुंडा, बांकीमोंगरा, हरदीबाजार सहित आसपास के गांवों से भारी वाहनों की आवाजाही इसी मार्ग से होती है, जिससे सड़क पर गड्ढे और गहराते जा रहे हैं।

**दुर्घटनाओं का भी खतरा**

ग्रामीणों और स्थानीय व्यापारियों के अनुसार सड़क की बदहाली के चलते कई बार वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। इस मार्ग पर न तो पर्याप्त जल निकासी की व्यवस्था है और न ही समय पर मरम्मत होती है। व्यापारियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत कराई जाए, जलभराव की समस्या दूर की जाए और ओवरब्रिज को फिर से चालू किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा।

# कोल कर्मी व पत्नी ने बीमारी का बहाना बना समिति से की 40 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रिश्तेदार की बीमारी का इलाज के नाम पर समिति से लगभग 40 लाख रुपए उधार लेने के बाद एसईसीएल कर्मी और उसकी पत्नी की नीयत बिगड़ गई है। रुपए लौटाना तो दूर इसके एवज में दिए गए चेक को भी छलपूर्वक साजिश के तहत बैंक से निरस्त करा लिया। अब उधार देने वाली समिति रकम वापस पाने के लिए भटक रही है। न्यायालय के निर्देश पर दंपति के विरुद्ध अपराध दर्ज कर लिया गया है। परिवादिनी लेखिका चन्द्रा, चंद्र स्वजन कल्याण समिति कोरबा की उपाध्यक्ष है तथा समिति के अध्यक्ष व अन्य सदस्यों द्वारा पारित प्रस्ताव के तहत उनके द्वारा अधिकृत होकर बिना ब्याज के ऋण दिया जाता है। उक्त कार्य समाज के सदस्यों तक ही सीमित है, परंतु अतिआवश्यक होने पर समिति की सहमति से अन्य समाज के व्यक्तियों को भी संस्थान बिना किसी ब्याज के ऋण प्रदान करती है।

**खास बात**

- एग्रीमेंट कर घुमाता रहा दंपति, रिटायरमेंट के बाद ताला लगाकर हुए गायब

एसईसीएल कर्मी हरिशंकर रैकवार 60 वर्ष पिता गणेश राम रैकवार ने सेवा कार्य में होते हुए परिवादिनी तथा उक्त चन्द्र स्वजन कल्याण समिति के अधिकारियों से संपर्क कर अपने साले अर्थात उषा किरण के भाई के ब्रेन ट्यूमर के ईलाज के लिए रकम की मांग की चूंकि हरिशंकर रैकवार एस.ई.सी.एल. में नौकरी करने वाले सक्षम व्यक्ति हैं, इसलिए समिति के अधिकारियों के द्वारा सर्वसम्मति से आर्थिक सहायता प्रदान करने सहमति दी गई। हरिशंकर रैकवार के द्वारा उक्त ऋण की रकम अपनी पत्नि श्रीमती उषा किरण के स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा कुसमुण्डा के खाता में 12 मई 2019 से 9 दिसम्बर 2019 तक समय-समय पर 19 लाख 60 हजार रूपए तथा 7 नवंबर 2019 को 8 लाख 50 हजार रुपए नगद रूप में प्रदान करते हुए कुल 28 लाख 10 हजार रूपए मानवीय धर्म निभाते हुए सहायतार्थ बिना किसी प्रकार के ब्याज के प्रदान किया गया था। इसी तरह रिश्तेदार के कैंसर रोग के ईलाज हेतु 22 नवम्बर 2020 को 10 लाख रूपए एक वर्ष की समयावधि के भीतर वापस लौटा देने की शर्त पर ली गई, परंतु समयावधि के भीतर रकम वापस नहीं लौटाने के कारण श्रीमती उषा किरण के द्वारा 16 दिसम्बर 2021 को परिवादिनी के पक्ष में सहमति से इकरारनामा का निष्पादन पी.के. बजाज नोटरी से कराया गया। जिसके उपरांत विभिन्न तिथियों में हरिशंकर रैकवार तथा उषा किरण के द्वारा कुल 40 लाख रुपए की ठगी की वारदात को अंजाम दिया गया है। जिस पर पुलिस ने आरोपी हरीशंकर रैकवार व उसकी पत्नी उषा किरण मूल निवासी वार्ड नंबर 10 झगराखण्ड कॉलरी कालोनी, जी.एम. आफिस से पहले, खिड़िया टाकिज के पास, मनेन्द्रगढ़, पोस्ट व थाना मनेन्द्रगढ़, जिला- कोरिया (छत्तीसगढ़) के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 3(5), 318(4) के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना शुरू की गई है।

# आरआई, पटवारियों ने शुरु किया राजस्व का ऑनलाइन कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बीते एक सप्ताह से संसाधनों की मांग को लेकर राजस्व विभाग के आरआई व पटवारियों की चल रही ऑनलाइन कार्य का बहिष्कार आंदोलन शनिवार को समाप्त कर दिया। राज्य शासन से उनकी मांगों पर अमल करते हुए पटवारी कार्यालयों के भवन हेतु तथा संसाधन उपलब्ध कराने की मांगों पर सहमति बन गई है। ऑनलाइन कार्य के ठप्प होने से राजस्व विभाग प्रभावित हो रहा था।

**खास बातें**

- संसाधनों की मांग को लेकर एक सप्ताह से कर रहे थे आंदोलन
- पटवारी कार्यालय के लिए राज्य शासन से मिलेगी राशि




राजस्व निरीक्षकों एवं पटवारियों के ऑनलाइन कार्य बहिष्कार के आंदोलन में सबसे पहले पटवारियों ने आंदोलन की राह पकड़ी थी उसी तर्ज पर दो दिन बाद राजस्व निरीक्षकों ने भी अपना समर्थन देते हुए उन्हें ऑनलाइन कार्य का बहिष्कार कर दिया। राजस्व विभाग की महत्वपूर्ण कड़ी माने जाने वाले आरआई एवं पटवारियों के एकाएक ऑनलाइन कार्य के बहिष्कार किये जाने से तहसील एवं कलेक्ट्रेट न्यायालय में राजस्व विभाग से संबंधित ऑनलाइन कार्य ठप्प हो गये थे। वहीं आम पक्षकार भी प्रभावित हो रहे थे। अधिकारियों को भी इस हड़ताल से ऑनलाइन कार्य कराये जाने को लेकर दिक्कतें हो रही थी। इसी बीच राज्य शासन के द्वारा फसलों ⏭ शेष पेज 3 पर

# नाबालिग से बलात्कार, आरोपी को 20 साल कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शादी का झांसा देकर नाबालिग के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी युवक को न्यायालय ने 20 वर्ष का सश्रम कारावास व 5 हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है। रायगढ़ जिले में शादी का झांसा देकर नाबालिग से रेप करने वाले आरोपी कान्हू उर्फ कन्हैया दास महंत को पाक्सो की विशेष अदालत ने दोषी करार देते हुए 20 साल के कठोर कारावास और 5 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। अर्थदंड न चुकाने पर आरोपी को अतिरिक्त 4 माह का कारावास भुगतना होगा। पीड़िता की मां ने कोरबा के बालकोनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी पिछले एक साल से उसकी 14 साल की बेटी को बहला-फुसलाकर दुष्कर्म कर रहा था। 10 मई 2024 को मां ने जब बेटी के मोबाइल की जांच की तो पता चला कि वह रायगढ़ निवासी कान्हू महंत से लगातार बात कर रही है। पीड़िता को समझाने पर वह नाराज हो गई और घर छोड़ने की कोशिश की। इस दौरान उसने सिंदूर खाकर आत्महत्या का प्रयास भी किया लेकिन समय पर इलाज से बच गई। बाद में उसने अपने रिश्तेदार के घर जाने की बात कही और घर से चली गई। 14 मई 2024 को पीड़िता और आरोपी साथ में पकड़े गए। पूछताछ में पीड़िता ने बताया कि कान्हू महंत एक साल से शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बना चुका है। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 376 (2)(ढ) भादवि और धारा 6 पाक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया। सुनवाई के दौरान अपर लोक अभियोजक मोहन सिंह ठाकुर ने अभियोजन पक्ष की पैरवी की। विशेष न्यायाधीश देवेन्द्र साहू ने आरोपी को दोषी मानते हुए 20 साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई।

## शिक्षक विहीन विद्यालय लामपहाड़ प्राथमिक शाला में शिक्षक की हुई नियुक्ति

# वनांचल गांव के स्कूल में नहीं थे शिक्षक, ठप थी पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कुछ समय पहले लाम पहाड़ का नाम सुनते ही एक कठिन राह पर मुश्किल सफर का दृश्य उभर कर आंखों में छा जाता था। पहाड़ों में बसाहट होने और यहां तक पहुचने में अनेक चुनौतियां होने की वजह से यहां रहने वाले पहाड़ी कोरवाओं को कई सुविधाओं से महरूम होना पड़ता था। अब जबकि बिजली, पानी और सडक़ के साथ इस बसाहट में स्कूल बनकर संचालित हो रहा है तो लाम पहाड़ क्षेत्र के पहाड़ी कोरवाओं के बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ अन्धकारमय जीवन से बाहर निकलकर शिक्षा के भोर के सहारे बेहतर भविष्य गढऩे का अवसर मिल गया है। यहां आवागमन सहित अन्य चुनौतियों की वजह से शिक्षक विहीन की श्रेणी में आने वाले लामपहाड़ के पाठशाला को शासन की युक्ति युक्तकरण की पहल ने न सिर्फ नियमित शिक्षक की सौगात दी, अपितु यहां पढ़ाई करने आने वाले बच्चों के भविष्य की राह भी आसान कर दी है। कोरबा विकासखंड अंतर्गत अन्तिम छोर के ग्राम पंचायत बड़गांव के आश्रित ग्राम लामपहाड़ की पहचान भले ही अब कठिन राह पर मुश्किल सफर की नहीं रही, लेकिन बड़ी संख्या में निवास करने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा ही यहां की पहचान अभी भी है। शहर से बहुत दूर घने जंगलों के आसपास निवास करने वाले पहाड़ी कोरवाओं को विकास की मुख्य धारा में जोडऩे शासन द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में यहां विद्यालय का संचालन कर पहाड़ी कोरवा बच्चों को शिक्षा से जोड़ने की पहल की गई, लेकिन विद्यालय में पदस्थ शिक्षिका के पदोन्नति होकर अन्यत्र स्थानान्तरण के बाद विगत कुछ वर्षों से नियमित शिक्षक नहीं होने का खामियाजा विद्यार्थियों को उठाना पड़ता था। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देश पर अतिशेष शिक्षकों के समायोजन व युक्ति युक्तकरण की पहल ने यहां की तस्वीर बदलने का काम किया। यहां संचालित प्राथमिक शाला और माध्यमिक शाला में शिक्षकों की पदस्थापना होने से अब यह विद्यालय शिक्षकविहीन की श्रेणी से बाहर आ गया है। नियमित शिक्षक के नियुक्ति से पहाड़ी कोरवा विद्यार्थियों की पढ़ाई भी नियमित होने लगी है। यहां जाने पर युक्ति युक्तकरण से प्राथमिक शाला में पदस्थ शिक्षक श्री कलेश्वर राम कटेला क्लास में विद्यार्थियों को पढ़ाई कराते नजर आए। उन्होंने कहा कि युक्ति युक्तकरण से लामपहाड़ के प्राथमिक शाला को दो और माध्यमिक शाला को एक शिक्षक मिले हैं। प्राथमिक शाला में कुल 33 बच्चे और मिडिल स्कूल में 19 बच्चे हैं। इन सभी विद्यार्थियों में अधिकांश विशेष पिछड़ी जनजाति वाले पहाड़ी कोरवा जाति के हैं। मीडिल स्कूल ⏭ शेष पेज 3 पर



बच्चों को पढ़ाते हुए शिक्षक।

### पीडीएस एवं आंगनबाड़ी भवन के लिए किया गया भूमिपूजन

**मड़वारानी।** करतला विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत दमखांचा में जिला खनिज न्यास मद से स्वीकृत नवीन पीडीएस भवन और आंगनबाड़ी भवन का भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत करतला के अध्यक्ष श्रीमती अशोका बाई कंवर, विशिष्ट अतिथि उपाध्यक्ष मनोज झा, सभापति श्रीमती लक्ष्मीन बाई कंवर, अध्यक्षता सरपंच श्रीमती सरिता धरम सिदार, उपसरपंच अमरीका छतराम यादव, पंच संध्या यादव, साधना चौहान बाबूलाल, बोहरन, फुलकुंवर, ऊषा, इतवार, विरसपति, संगीता, ग्राम पंचायत दमखांचा के बैगा करम सिंह, समस्त ग्रामीण सूरज कंवर, देवानंद, सुफल सिदार, मेहतर, तिहार सिंह, रथ सिंह, गणपत, रामचरण, धनीराम, सलम, गोरे, फ़रित दास उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### वायरल के साथ आंख में इंफेक्शन का खतरा बढ़ा

**बिलासपुर।** जिले में मौसमी बीमारियों का प्रकोप फैला हुआ है, सर्दी व बुखार के मरीज अस्पताल पहुंच रहे हैं। इन सब के बीच आंख में इंफेक्शन की शिकायत के लिए मरीज डाक्टरों के पास पहुंच रहे हैं। बारिश के दिनों में कंजंक्टिवाइटिंस जैसे आंखों के इंफेक्शन तेजी से बढ़ता है, इस दौरान मरीज की आंख से पानी आना और आंखे लाल होने की शिकायत होती है। डाक्टरों का कहना है कि इंफेक्शन को फैलने से बचाने के लिए मरीज को डाक्टर की सलाह के साथ ही साफ सफाई का विशेष ध्यान रखना पड़ता है हालांकि यह जल्द ठीक होता है लेकिन इसके संक्रमण की आशंका बनी रहती है। आमतौर पर स्कूली बच्चों में यह तेजी से फैलता है।

### अस्पतालों में ताले मरीज बेहाल

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ द्वारा नियमितीकरण/सविलियन, ग्रेड पे, लंबित 27% वेतन वृद्धि सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर चल रहा अनिश्चितकालीन आंदोलन विकराल रूप ले रहा है। जिले में 750 से अधिक कर्मचारी हड़ताल के समर्थन में काम छोड़ धरने पर रास्ता पकड़ लिया है। इससे अस्पतालों में संस्थागत प्रसव, पैथोलॉजी जाँच (खून, पेशाब, ट्रू-नाट, सीबीनाट), टीबी, कुष्ठ, मलेरिया जांच, ओपीडी, नवजात शिशु देखभाल, आंगनबाड़ी स्वास्थ्य परीक्षण, पोषण आहार वितरण, एनसीडी स्क्रीनिंग, वृद्ध स्वास्थ्य परीक्षण और आपातकालीन सेवाएं प्रभावित है। अस्पतालों में ताले लग रहे है और मरीजों को भटकने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। एनएचएम कर्मचारियों ने कहा कि सरकार संविदा कर्मचारियों को 100 दिनों में नियमितीकरण करने का दावा कर चुकी है,पिछले 20 महीनों में 160 से अधिक ज्ञापन देने के बाद ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। ऐसे में अनिश्चितकालीन आंदोलन जारी रहेगा।

### थमी रही बारिश अलर्ट जारी

**बिलासपुर।** बिलासपुर जिले के आसपास कुछ दिनों से अच्छी बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने अलर्ट भी जारी किया है लेकिन रविवार को बारिश थमी रही हालांकि काले घन बादल आसमान पर मंडराते रहे। इस दौरान तापमान 28.2 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार इस दौरान बिजली गिरने और तेज बारिश की संभावना है। उड़ीसा और पश्चिम बंगाल में द्रोणिका क बनी हुई है, प्रदेश में नमी युक्त हवाएं प्रवेश कर रही है, जिसके चलते झमाझम बारिश की आशंका है।

### सड़क पर चलना मुश्किल दुकानदार भी हलाकान

**बिलासपुर।** जूना बिलासपुर मुख्य मार्ग चलने लायक नहीं है। सड़क पर सैकड़ों गड्ढें हो चुके हैं, ऐसे में हर आने जाने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क की वजह से दुकानदारों को भी खासी परेशानी झेलनी पड़ रही है, बारिश के कारण किचड़ और बारिश थमते ही धूप से सामना होता है, जिसके चलते ग्राहकी खराब हो रही है। नगर निगम ने कुछ दिन पहले यहां गिट्टी और सीमेंट का मिक्चर डाल दिया है जिसके बाद से स्थिति ओर भी खराब हो चुकी है।

### अग्नीवीर शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण हेतु आवेदन 29 तक

**अम्बिकापुर।** उपसंचालक, रोजगार ने बताया कि भारतीय वायु सेना अग्निपथ योजना के अंतर्गत अग्निवीर वायु सेना भर्ती वर्ष 2025-26 हेतु अधिसूचना जारी कर दी गई है। जिसका कम्प्यूटर आधारित परीक्षा का आयोजन वायु सेना भर्ती कार्यालय द्वारा किया गया। कम्प्यूटर आधारित परीक्षा में जिले के उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को जो उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण (1.6 कि.मी. दौड़, बीम पुल अप, 9 फीट गड्ढ़ा कूदना आदि) प्राप्त करने के इच्छुक हो, वो अपनी परीक्षा में उत्तीर्ण संबंधी समस्त दस्तावेजों के साथ स्वयं कार्यालयीन समय में जिला रोजगार एवं स्वरोजगारमार्गदर्शन केंन्द्र गंगापुर खुर्द में 29 तक उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

---

# क्यूआर कोड लगाने 9 करोड़ फूंके, योजना हो गई बंद, अब घरों में साढ़े आठ करोड़ से डिजिटल नेम प्लेट लगा रहा निगम

सवाल उठ रहे हैं कि जब सिस्टम चालू ही नहीं करना था तो करोड़ों रुपए खर्च क्यों किए गए

नए ठेके में 40 हजार प्रापर्टियां जो टैक्स से अछूती थीं उन्हें टैक्स के दायरे में लाने का दावा




हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलग खबर

आनलाइन टैक्स और अन्य बिलों की वसूली के लिए स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने हाईटैक योजना बनाई। लोगों के घरों की दीवारों पर क्यूआर कोड लगाए गए। इसके लिए 8 करोड़ 75 लाख का ठेका भी हुआ। कंपनी ने कुछ घरों में यह क्यूआर कोड लगाया भी। अचानक यह योजना बंद कर दी गई और ठेका कंपनी पैसे लेकर भाग गई। अब निगम ने तय किया है कि इस बार घरों में डिजिटल नेम प्लेट लगाया जाएगा जिसमें मकान मालिक का नाम रहेगा। निगम के मुताबिक पूरे शहर में 40 हजार प्रापर्टियां जो टैक्स से अछूती थीं इससे अब टैक्स के दायरे में आ जाएंगी। इसके लिए सर्वे और दूसरे कामों के लिए साउथ नार्थ प्राइवेट लिमिटेड को 8.59 करोड़ का ठेका दिया गया है। स्मार्ट सिटी योजना के तहत घर बैठे मोबाइल के जरिए आनलाइन टैक्स जमा करने की सुविधा के लिए घरोंघर क्यूआर कोड लगाने की योजना बनाई गई थी। शहर के कुछ-कुछ घरों के सामने क्यूआर कोड लगाया भी गया था वह मोबाइल से स्कैन ही नहीं हो रहा था ना ही लोग घर बैठे टैक्स जमा कर पा रहे थे। मकानों में क्यूआर कोड लगाने के बाद वह चालू नहीं हुआ था और प्रोजेक्ट ठंडे बस्ते में चला गया था जो अब बंद हो चुका है।

#### 12 हजार घरों में ही लगा और काम बंद हो गया

स्मार्ट सिटी के अंतर्गत नगर निगम के पुराने सीमा क्षेत्र शहर के 98 हजार घरों में क्यूआर कोड प्लेट लगाने का टारगेट रखा गया था। इस प्रोजेक्ट पर पूर्व नगर निगम कमिश्नर के समय काम चालू भी किया गया था, कुछ कालोनी एरिया के मकानों में क्यूआर कोड प्लेट लगाया गया था। इसमें शहर के ऐसे मकानों को पहले चिन्हित किया गया, जिनका किसी प्रकार का टैक्स बकाया नहीं है और वे नियमित रूप से टैक्स पटाते आए हैं, ताकि नियमित टैक्स पटाने वालों को घर बैठे आनलाइन टैक्स जमा करने की सुविधा मिल सके। हालांकि 12 हजार घरों में ही यह लग सका और बिना काम किए योजना को बंद कर दिया गया।

#### डेढ़ लाख घरों को मिलेगी नई पहचान

नगर निगम के मुताबिक, पहले शहर में क्यू आर कोड लगाने की शुरुआत की गई थी लेकिन अब इसके स्थान पर डिजिटल नेम प्लेट लगाया जा रहा है। दोनों ही कार्यों के लिए एचडीएफसी और कोटक महेंद्रा बैंक के सीएसआर मद से राशि ली जा रही है। निगम के मुताबिक लोगों को डिजिटल नेम प्लेट के पैसे नहीं देने पड़ेंगे। निगम के मुताबिक पासपोर्ट बनवाने के वक्त स्थायी पते की प्रमाणित जानकारी के साथ मकान नंबर की जरूरत होती है, लेकिन बिलासपुर नगर निगम द्वारा 40 वर्षों से मकान नंबर अलॉट नहीं किया गया, इसलिए लोगों को परेशानियां हो रही थी। डिजिटल नेम प्लेट लगने के बाद इस समस्या से लोगों को छुटकारा मिल जाएगा।

#### नए क्षेत्रों में डोर-टू-डोर टैक्स वसूली

पहले नगर निगम को लोगों से प्रापर्टी टैक्स जमा करवाने काफी मशक्कत करनी पड़ती थी। निगम की ओर से कई बार नोटिस जारी किया जाता था, तब कहीं जाकर लोग निगम कार्यालय तक टैक्स जमा करने पहुंचते थे। समय पर टैक्स नहीं मिलने के कारण उसका असर निगम की आर्थिक स्थिति पर पड़ता था। अब तो निगम का राजस्व विभाग का अमला निगम के नए एरिया में डोर-टू-डोर जाकर टैक्स वसूल ही रहा है। निगम कार्यालय में काउंटर में भी टैक्स जमा होता है। अब आनलाइन वेबसाइट के जरिए भी टैक्स जमा करने की सुविधा हो गई है।

#### दूसरी सुविधा चालू की गई

स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के घरों में क्यूआर कोड वाली प्लेट लगनी थी, शुरूआत में शहर के कुछ मकानों में क्यूआर कोड लगाया भी गया है, लेकिन अब यह प्रोजेक्ट बंद हो गया है और उसकी जगह पर नगर निगम द्वारा आनलाइन टैक्स जमा करने की दूसरी सुविधा चालू की गई है। आनलाइन टैक्स की सुविधा के लिए मकानों को डिजीटल आईडी नंबर दिया गया है और मकान मालिक वेबसाइट पर जाकर अपना आईडी नंबर डालकर टैक्स जमा कर सकते हैं।

- वाय श्रीनिवासन, आईटी मैनेजर, स्मार्ट सिटी

---

महिलाओं ने हैदराबाद के वेंडर का किया बहिष्कार, सिले कपड़े देने से किया इनकार

# मल्टी एक्टीविटी सेंटर में काम करने वाली महिलाओं को तीन माह से नहीं मिला वेतन

अंजनी तिवारी ⏭ बिलासपुर

आजीविका मिशन तहत नगोई में बनाए गए मल्टी एक्टीविटी सेंटर में सिलाई, कढ़ाई का काम करने वाली महिलाओं को तीन माह से वेतन नहीं मिला है। आर्थिक तंगी से जूझ रही महिलाओं ने अब हैदराबाद के वेंडर बहिष्कार करते हुए सेंटर में सिलाई कर रखे कपड़ों को वेंडर को देने से इनकार कर दिया है।

आजीविका मिशन तहत जिला पंचायत द्वारा गनियारी के मल्टी एक्टीविटी सेंटर की तरह ही नगोई ग्राम में मल्टी एक्टीविटी सेंटर बनवाया गया है, जहां बड़े से डोम के भीतर स्वसहायता समूह की महिलाएं सिलाई, कढ़ाई का काम कर अपना आजीविका चला रही है। यहां पर सिलाई, कड़ाई का काम हैदराबाद के नारी शक्ति गारमेंट फैक्ट्री को दिया गया है, जो यहां स्थानीय बिहान स्वसहायता समूह की महिलाओं से सिलाई, कढ़ाई का काम कराता है। बिहान स्वसहायता समूह के अंतर्गत वर्तमान में यहां पर 20 महिलाएं काम कर रही हैं, जिन्हें वेंडर द्वारा पिछले तीन माह के वेतन का भुगतान नहीं किया गया है और यह चौथा महिना भी पूरा होने जा रहा है। एक-एक महिला का एक-एक माह का 4-5 हजार रुपए के हिसाब से हजारों रुपए वेतन का बकाया है, जिससे स्वसहायता समूह अंतर्गत यहां सिलाई का काम करने वाली महिलाओं को इन दिनों न सिर्फ आर्थिक तंगी से गुजरना पड़ रहा है, बल्कि उन्हें अपने परिवार की आजीविका चलाना मुश्किल पड़ रहा है। महिलाएं जिला पंचायत से लेकर जिला प्रशासन तक अपने वेतन भुगतान नहीं होने के संबंध में शिकायत कर चुकी हैं। अब यहां काम करने वाली महिलाओं ने वेंडर का हैदराबाद के वेंडर का खुलकर बहिष्कार कर दिया है। महिलाओं ने कहा है कि जब तक वेंडर द्वारा उनके वेतन का भुगतान नहीं किया जाता है तब तक नगोई सेंटर में सिलाई कर तैयार रखें कपड़ों की सप्लाई नहीं होने दिया जाएगा।



फोटो : वशील्लाह

#### मशीन 200, काम कर रही 20 महिलाएं

नगोई मल्टी एक्टीविटी सेंटर में डोम के भीतर 200 मशीनें रखी गई है, जिसमें सिलाई, कड़ाई, काज, बटन की मशीनें शामिल हैं। यहां पर करीब 200 महिलाओं को रोजगार दिया जाना था, किन्तु केवल 20 महिलाओं को काम पर रखा गया है। ये महिलाएं नगोई, बैमा सहित आसपास के गांवों से यहां काम करने आती है। सेंटर काफी दूर पड़ता है, इसलिए दूसरे गांवों की महिलाएं नहीं आ पाती हैं।

#### वेंडर का ठेका हो चुका समाप्त

नगोई सेंटर में काम करने वाली बिहान महिला स्वसहायता समूह की रागनी पांडेय सहित महिलाओं का कहना है कि उन्हें हैदराबांद वेंडर नारी शक्ति गारमेंट फैक्ट्री द्वारा कपड़ा उपलब्ध कराया जाता है। महिलाओं द्वारा सेंटर में मशीन से सिलाई, कढ़ाई करके कपड़ा तैयार कर वेंडर को दिया जाता है, जिसे वेंडर हैदराबाद सप्लाई करता है, लेकिन वेंडर की ओर से सिलाई का काम करने वाली महिलाओं को वेतन भुगतान ही नहीं किया जा रहा है और पिछले तीन-चार माह होने जा रहा है, उन्हें भुगतान नहीं किया गया है। वेंडर का दो साल की ठेका अवधि भी समाप्त हो गया है, उसके बाद भी वेंडर सेंटर में काम कर रहा है, इसलिए उन लोगों ने वेतन भुगतान सहित वेंडर को बदले जाने की मांग कर रहे हैं और वेंडर का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है।



#### 4 करोड़ रुपए की लागत से बना था सेंटर

नगोई में आजीविका मिशन के तहत करीब 4 करोड़ की लागत से मल्टी एक्टीविटी सेंटर का निर्माण कराया गया था। सेंटर का परिसर 10 एकड़ एरिया में फैला हुआ है। यहां पर भी गनियारी के सेंटर की तरह ही महिला स्वसहायता समूह का रोजगार उपलब्ध कराने विभिन्न प्रकार की गतिविधियां संचालित किया जाना था। लेकिन कुछ दिनों तक टर्सर काम शुरू किया गया था जो कुछ दिनों बाद ही बंद हो गया। वर्तमान में डोम भीतर केवल कपड़ा सिलाई, कढ़ाई का काम चलता है और डोम के पीछे एरिया में फ्लाईएश ब्रिक्स निर्माण का यूनिट बना हुआ है। बाकी पूरा परिसर खाली पड़ा हुआ है।



#### फ्लाईएश ब्रिक्स का काम भी दो माह से बंद

सेंटर में फ्लाईएश ब्रिक्स का शेड बना हुआ है जहां शेड की टीन तूफान में उखड़ गया है। फ्लाईएश ब्रिक्स बनाने का काम भी करीब दो महिना से बंद पड़ा है। यहां पर कालिका महिला स्वसहायता समूह द्वारा फ्लाईएश ब्रिक्श बनाने का काम किया जाता है। लेकिन सेंटर के पीछे की ओर जाने वाले रास्ते को पिछले दिनों पानी निकासी के लिए खोद दिया गया था जिसके चलते आने-जाने का रास्ता कट गया था। इसलिए फ्लाईएश ब्रिक्स बनाने का काम भी बंद पड़ा था। हाल ही में पानी निकासी के लिए पाइप डालकर रास्ता को ठीक कराया गया है।

#### की गई है शिकायत

नगोई सेंटर में स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा कपड़ा सिलाई का काम किया जाता है। वहां पर लाईवीलिहुड कालेज के तहत हैदराबाद के प्राईवेट कंपनी को वेंडर का काम दिया गया था। लेकिन वहां काम करने वाली महिलाओं ने वेंडर द्वारा उनके वेतन भुगतान नहीं किए जाने की शिकायत की गई है।

**- रामेन्द्र सिंह गुर्जर**
जिला प्रबंधक, आजीविका मिशन जिला पंचायत

---

ब्रांडेड कंपनी का स्टीकर जब्त, आरोपी गिरफ्तार

## अटल आवास में बनाया जा रहा था नकली कीटनाशक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अटल आवास में किराए का मकान लेकर ब्रांडेड कंपनी की नकली कीटनाशक बनाकर बेचने वाले व्यक्ति को पुलिस ने पकड़ लिया है। उसके घर से भारी मात्रा में कीटनाशक व ब्रांडेड कंपनी का स्टीकर बरामद किया गया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, बिहार मधुबनी निवासी रंजीत सिंह प्रायसी डिफरेंश फोर्स इंडिया कंपनी में जांच अधिकारी हैं। उन्होंने थाने में शिकायत करते हुए बताया कि कंपनी को सूचना मिल रही थी कि बिलासपुर व आसपास के जिलो में कंपनी के नकली कीटनाशक की बिक्री की जा रही है, जिससे कंपनी व किसानों को नुकसान हो रहा है। उन्होंने शहर में आकर पतासाजी की तो जानकारी हुई लिंगियाडीह एफसीआई गोदाम के पास स्थित अटल आवास में रहने वाला रवि सोनी पिता नंदकिशोर सोनी घर में नकली कीटनाश बनाकर उनके ब्रांडेड कंपनी का स्टीकर लगाकर बेच रहा है। एसआई अवधेश सिंह ने स्टाफ के साथ कंपनी के अधिकारी के साथ दबिश दी। तलाशी लेने पर भारी मात्रा में कीटनाशक व ब्रांडेड कंपनी के स्टीकर मिले। पुलिस कीटनाशक व स्टीकर जब्त कर लिया है।

एसआई सिंह ने बताया, रवि सोनी अटल आवास में किराए का मकान लेकर नकली कीटनाशक बनाकर बिक्री कर रहा था। पुलिस ने रंजीत सिंह की रिपोर्ट पर कापी राइट अधिनियम 1957 की धारा 63, 64, 65 के तहत रवि सोनी को गिरफ्तार कर लिया है।


## जिला अस्पताल की बर्न यूनिट अधर में, साल भर से वार्ड तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला अस्पताल का बर्न वार्ड एक साल से अधर में है। सीजीएमएससी द्वारा अस्पताल के सेकेंड फ्लोर में वार्ड का निर्माण भी किया गया है। जहां 6 बेड के कमरे में बर्न वार्ड बन कर तैयार है, लेकिन उपकरणों की कमी, एसी और अन्य काम अभी भी पेंडिंग है, जिसके चलते यह वार्ड शुरू नहीं हो सका है।

जिला अस्पताल में डाक्टर और स्टाफ की लंबी चौड़ी टीम है, इसके बावजूद यह महज रिफरल सेंटर बन चुका है। डेढ़ साल पहले जिला अस्पताल में बर्न वार्ड तैयार करने शासन से मंजूरी मिली थी, जिसके बाद अस्पताल के सेकेंड फ्लोर में निर्माण शुरू कराया गया, निर्माण की जिम्मेदारी सीजीएमएससी को सौंपी गई और करीब 6 माह के निर्माण के बाद वार्ड बन कर तैयार हो गया, लेकिन साल भर बीतने के बाद भी जिला अस्पताल में बर्न वार्ड की शुरूआत नहीं हो सकी है। आगजनी से झुलसे मरीजों को सीधे सिम्स ले जाने की जरूरत पड़ती है, खास बात यह है कि जिला अस्पताल ऐसे मरीजों की प्रारंभिक उपचार तक नहीं कर पाता है। ऐसे में यहां बर्न वार्ड शुरू करना आवश्यक हो चुका है।

#### प्रबंधन की उदासीनता से लटका मामला



---

## करंट से दो लोगों की मौत, ढाई महीने बाद धराया आरोपी

**अम्बिकापुर।** फसल की सुरक्षा के लिए खेत में लगाए गए करंट से दो लोगों की मौत होने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। घटना के बाद आरोपी फरार था। लखनपुर थानान्तर्गत लोसंगी पंडरी पानी निवासी रघुनाथ मांझी ने फसल की सुरक्षा के लिए अपने खेत के चारों ओर करंट की बाड़ लगाई थी। इस दौरान करंट की चपेट में आने से नीरसाय यादव एवं विष्णु मांझी की मौत हो गई थी। 30 मई को हुई इस घटना के बाद आरोपी फरार था। पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच में जुटी थी। करंट से मौत होने के साक्ष्य मिलने पर पुलिस बीएनएस की धारा 105 विद्युत अधिनियम की धारा 135 का अपराध दर्ज कर आरोपी को तलाश रही थी। पुलिस ने फरार चल रहे रघुनाथ को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने हुकिंग कर करंट की बाड़ लगाने का अपराध स्वीकार किया।

## यूपी से आकर आदिवासियों पर जानलेवा हमला करने वाले 9 आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** जमीन विवाद पर यूपी से आकर आदिवासी ग्रामीणों पर जानलेवा हमला करने के मामले में सनावल पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस मामले में अब तक कुल 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है जबकि लगभग 12 आरोपी अभी भी फरार चल रहे है। इधर मारपीट से घायल तींग ग्रामीणों की हालत अभी भी बेहद नाजुक है और उनका उपचार जारी है। बता दें कि बलरामपुर जिले के सनावल क्षेत्र के तालकेशवरपुर निवासी राम से गोंड के साथ ही विजय सिंह, विद्यासागर सिंह व शंकर प्रसाद 11 अगस्त को खेत में जोताई का काम कर रहे थे। इस दौरान यूपी के सागोबांध क्षेत्र से पहुंचे 22 से 25 लोगों ने जमीन पर अपना हक जमाते हुए आदिवासी ग्रामीणों के साथ जमकर मारपीट की थी। इस घटना में विजय सिंह, विद्या सागर सिंह व शंकर प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गए थे जिनका उपचार अभी तक अस्पताल में चल रहा है। इस घटना के बाद पुलिस द्वारा मामले में रामसाय गोंड की शिकायत पर बीएनएस की धारा 191(2), 191(3), 190, 296, 351(2), 115(2), 109 (1) एवं एसटी एससी एक्ट की धारा 3 (1), (द), (घ), (छ), 3(2-5) के तहत अपराध दर्ज किया था।

---

हर महीने डेढ़ लाख रुपए तक कमाई कर रहा छात्र, स्टार्टअप कंपनी बनाई, 8 लोगों को नौकरी भी दी

# छात्र ने सांइस प्रोजेक्ट के लिए दो यू-ट्यूब चैनल बनाए, 24 लाख सब्सक्राइबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के छात्रों ने अपनी मेहनत और इनोवेशन से देश ही नहीं विदेशों में भी नाम कमा रहे हैं। छात्र चिन्मय डे ने जहां जी 20 सम्मेलन में अपने वीडियो कार्टून का प्रदर्शन किया तो छात्रा अदिवा अंजूम ने कमर दर्द, फ्लैट फुट और पैर के रोग के लिए जो प्रोजेक्ट बनाया है उसे नीति आयोग ने मान्यता दी है। यही नहीं छात्र हरीश कुमार ने साइंस प्रोजेक्ट के लिए दो यू ट्यूब चैनल बनाया। इसके बाद एक कंपनी भी बनाई जिसमें 8 लोगों को नौकरी पर रखा है। यू ट्यूब के सहारे ही हर महीने डेढ़ लाख रुपए तक कमाई भी यह छात्र कर रहा है।

छात्रों को सही मार्गदर्शन और उचित संसाधन मिलने से वह छोटी उम्र में ही बड़े-बड़े कारनामे कर दिखाने में सक्षम हो जाते हैं। इसी बात को चरितार्थ करते हुए शहर के छात्र नवाचार के मामले में देशभर में अपनी धूम मचा रहे हैं। एक तरफ जहां अटल टिंकरिंग लैब के छात्रों के नाम से कृषि मित्र नाम के उपकरण का पेटेंट मिला हुआ है तो तीन छात्रों ने अपने साइंस प्रोजेक्ट से नीति आयोग के नेशनल प्रोजेक्ट में अपनी जगह बनाई है।

- दो अन्य छात्रों के प्रोजेक्ट को नीति आयोग ने पेटेंट कराया, विदेशी कंपनियां करेंगी प्रमोट

#### साइंस प्रोजेक्ट अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहे जा रहे



सिरगिट्टी निवासी मल्टीपरपस स्कूल का छात्र हरीश कुमार जब कक्षा 9 वीं में था तब उसके पिता की मौत हो गई। परिवार की जिम्मेदारी हरीश पर आ गई। साइंस में काफी रुचि थी तो उसने अटल टिंकरिंग लैब ज्वाइन किया। यहां उसने प्रोजेक्ट पर काम करना शुरू किया। इसी दौरान उसने अपना यू टूयब चैनल भी बना लिया। इसी चैनल पर अपने साइंस अपलोड करना भी शुरू किया। लोगों ने देखना शुरू किया तो एक और यू ट्यूब चैनल बनाने के साथ ही इंस्टाग्राम पर आईडी बनाई। हरीश के मुताबिक फिलहाल 24 लाख सब्सक्राइबर उसके हैं। यू टयूब चैनल से उसे हर महीने करीब डेढ़ लाख रुपए की कमाई भी हो रही है। 2023 में 12 वीं पास करने के बाद उसने अपना स्टार्टअप शुरू किया। इसका आफिस शंकर नगर में है। इस कंपनी में 8 लोग नौकरी करते हैं जिन्हें हरीश वेतन देने के साथ ही साइंस प्रोजेक्ट के बारे में सिखाता है।

#### 20 देशों के वैज्ञानिकों और कार्टून वीडियो वालों ने सराहा



मल्टीपरपस स्कूल के छात्र चिन्मय डे अभी कक्षा 11 वीं में है। कक्षा सातवीं में पढ़ाई के दौरान ही उसका रुझान कार्टून वीडियो बनाने की ओर हो गया। तीन साल में वह इसमें माहिर हो गया और नेशनल लेबल का प्रोजेक्ट तैयार किया। जुलाई 2023 में दिल्ली में हुए दो दिवसीय जी-20 शिखर सम्मेलन में उसने जब इस प्रोजेक्ट को पेश किया तो अंतरराष्ट्रीय स्तर के 20 देशों के वैज्ञानिकों और कार्टून वीडियो बनाने वालों ने इसे सराहा। जिस अंदाज में नवाचार को प्रोत्साहन और सराहना मिली उसे देखते हुए नीति आयोग ने इसे पेटेंट और दूसरी प्रक्रिया आगे बढ़ाने का निर्देश जारी किया है। चिन्मय ने सभी के सामने इस प्रोजेक्ट को हिंदी और छत्तीसगढ़ी में समझाया। नीति आयोग की सदस्य दीपाली ने इसे अंग्रेजी में ट्रांसलेट किया। खास बात रही कि कुल 100 प्रोजेक्ट में चिन्मय ही एक ऐसा छात्र रहा जो कि सरकारी स्कूल से था।

#### राफेल बनाने वाली फ्रांस की कंपनी करेगी प्रोजेक्ट को प्रमोट



शहर की ही छात्रा अदिवा अंजुम ने भूकंप और पैर के रोगों के लिए दो प्रोजेक्ट बनाए हैं। इन्हें नीति आयोग द्वारा फंडिग की जाएगी। खास तौर पर अदिवा अंजुम ने छात्र चिन्मय डे के साथ मिलकर फूट रिलेक्सो शू बनाई जिसे पेटेंट कराया जा रहा है। इस शू से जिनको न्यूरो, माइग्रेन, बवासीर व रीढ़ की हड्डी में तकलीफ रहती है उन्हें लाभ मिला है। रिसर्च के दौरान अपनी देखरेख में लोगों को जूता पहनाकर 20 से 25 चहल कदमी कराते थे। ऐसा लगातार 15 दिनों तक किया गया। इस दौरान आश्चर्यजनक ढंग से इनकी तबियत में सुधार आने लगी। छात्रों के मुताबिक यह पूरी तरह नुचेरौपैथी के सिद्धांत पर काम करता है। शू को पहनकर चलह कदमी करने से न्यूरो और स्पाइन का प्रेशर पाइंट खास अंदाज में सक्रिय हो जाता है। इसके सक्रिय होते ही रक्त संचार की प्रक्रिया भी तेज हो जाती है और इसके माध्यम से आक्सीजन की आपूर्ति संबंधित जगहों पर होने लगती है। आक्सीजन की आपूर्ति नियमित होते ही ऐसे मरीजो को आराम मिलने लगता है। नीति आयोग ने राफेल बनाने वाली फ्रांस की कंपनी जो सामाजिक सहभागिता का काम करती है दासो उसे फूट रिलेक्सो शू को प्रमोट करने की जिम्मेदारी सौंपी है।

## खबर संक्षेप



### श्रद्धा महिला मंडल ने खाद्य सामाग्री का किया गया वितरण

**कोरबा।** श्रद्धा महिला मंडल बिलासपुर के अध्यक्ष हम सब की मार्गदर्शिका श्रीमती शशि दुहन के दिखाए गए मार्ग पर अग्रसर होते हुए आकृति महिला समिति केंद्रीय कर्मशाला कोरबा की अध्यक्षा श्रीमती धनलक्ष्मी सूर्यवंशी ने 20 अगस्त को समिति सदस्याओं के साथ मिलकर अपना घर नामक एक संस्था जहां की मानसिक रूप से विक्षिप्त अनाथ लोगों की देखरेख का कार्य अति सेवा पूर्ण माहौल में किया जाता है। वहां जाकर उनके सेवा कार्य में अपनी ओर से यथायोग्य योगदान देने का प्रयास किया। इस अवसर पर समिति की अध्यक्षा ने वहां उपस्थित सभी लोगों से मुलाकात करके सबकी कुशलता पूछी तथा भविष्य में भी उनकी मदद करने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर समिति की ओर से 20 चादरें, एक बोरी चावल, एक बोरी आलू, 4 किलो पोहा, 2 किलो दाल, तेल, बिस्किट व चिप्स आदि बांटे गए। अपना घर में उपस्थित लोगों के साथ मिलकर समिति के अध्यक्षा व सदस्याएं अति भावुक दिखी। सक्रिय सदस्यों श्रीमती सीमा राव, श्रीमती श्रद्धा गुप्ता, श्रीमती प्रतिभा पटुवा, श्रीमती रश्मि टंडन एवं श्रीमती अर्चना दुबे उपस्थित रही।

### भैसमा में विकासखंड स्तरीय पशु मेला संपन्न




**भैसमा।** पशु चिकित्सालय भैसमा के मातहत ग्राम मसान में विकासखंड स्तरीय पशु मेला संपन्न हुआ। इस विकासखंड स्तरीय पशु मेला के मुख्य अतिथि श्रीमति सुष्मिता कमलेश अनंत जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति कृषि विभाग रही कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती गणेशी बाई सरपंच ग्राम पंचायत मसान द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि श्रीमती चंद्रकांता कृष्णा राजपूत जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमाक 22 थे। उपसंचालक पशुधन विकास विभाग जिला के कुशल मार्गदर्शन में ग्राम मसान में विकासखंड स्तरीय पशु मेला का आयोजन किया गया जिसमें अलग अलग श्रेणी के गौ वंश भैंसवंश, बकरी, बकरा, मुर्गा, मुर्गी तथा श्वान प्रजाति के जानवर पशु मेला में लाए गए थे। गौवंश के संवर्धन संरक्षण और अच्छे पालन को प्रोत्साहित करने हेतु तथा पशुपालकों को विभागीय योजना से अधिकतम लाभान्वित करने के उद्देश्य से इस पशु मेला को बहुउद्देशीय शिविर की भांति संपन्न कराया गया। पशु मेला में उपस्थित स्वस्थ और स्वच्छ पशुओं को विभिन्न उन्नत शारीरिक मापदंड के अनुरूप चयनित करके इनके पशुपालकों को प्रोत्साहित करने के लिए अलग अलग श्रेणी में प्रथम द्वितीय तृतीय और सांत्वना पुरुस्कार भी विभागीय स्तर पर प्रदान किया गया।

## निधन

### सुरेश सिंह



**कोरबा।** बजरंग टाकीज कोरबा के सामने हवन पूजा सामग्री दुकान के संचालक सुरेश सिंह (60 वर्ष) का शनिवार की रात निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मेन रोड सीतामणी से निकालकर मोतीसागरपारा स्थित मुक्तिधाम में किया गया। इस दौरान परिवार परिजन सहित गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

## पृष्ठ 1 का शेष

### आरआई, पटवारियों...

की ऑनलाइन गिरदावरी कराये जाने की घोषणा भी प्रभावित हो गई थी। सितंबर तक फसलों का डिजिटल सर्वे करना है किंतु 20 अगस्त तक डिजिटल सर्वे शुरु नहीं हुआ। इससे सरकार की प्रमुख काम डिजिटल सर्वे ठप्प हो गया था। शनिवार को राज्य सरकार और आंदोलनकारियों के बीच आम सहमति बन जाने के बाद राजस्व एवं आरआई पटवारी हड़ताल से वापस आ गये और ऑनलाइन कार्य शुर कर दिये हैं।

### वनांचल गांव के...

में पढ़ाने वाले शिक्षक दीपक यादव ने बताया कि युक्ति युक्तकरण से एक नए शिक्षक के आ जाने से मीडिल स्कूल में 3 शिक्षक हो गए हैं। इधर विद्यालय में पढ़ाई करने वाले पहाड़ी कोरवा विद्यार्थियों सुखशिला, फूलमती, संगीता, देवशीला, फुलमनिया ने बताया कि नियमित शिक्षक आने से क्लास में लगातार पढ़ाई हो रही है। शिक्षक समय पर आ जाते हैं और पूरे समय तक ठहरते हैं। उन्होंने बताया कि उनके माता पिता पहले स्कूल दूर होने से पढ़ाई नहीं कर पाए। अब स्कूल पास ही है इसलिए हमें पढ़ाई करने भेजते हैं। विद्यार्थियों ने बताया कि उन्हें समय पर नाश्ता और मध्यान्ह भोजन भी मिलता है। हमारा मन पढ़ाई में लगने लगा है।

## सोशल ऑडिट अभियान के तहत डाइट में दिया गया प्रशिक्षण

# स्कूलों में फिर शुरु होगा शिक्षा गुणवत्ता अभियान, शिक्षकों से भी होंगे सवाल जवाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्कूलों की शिक्षा का स्तर सुधारने की कवायद बीते 7 साल बाद फिर शुरु होने जा रही है। इसके लिए डाइट में प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया गया है। पूर्व की तरह अधिकारियों की टीम एक बार फिर जिला मुख्यालय से लेकर दूरस्थ ग्रामीण अंचल के स्कूलों तक पहुंचेगी जहां बच्चों और उनके अभिभावकों से बातचीत कर शिक्षकों से भी सवाल जवाब होंगे।

बीते सात वर्ष पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के नाम से शिक्षा गुणवत्ता अभियान चलाया गया था, इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों की शैक्षणिक स्तर पता करना इसके लिए बच्चों के अभिभावकों से टीम के सदस्य सीधे मिलकर वार्ता करेंगे। पढ़ाई के स्तर में कितना और किस तरह का सुधार आया है, इसके संबंध में चर्चा करेंगे। बच्चों के शैक्षणिक स्तर के साथ उनका मनोवैज्ञानिक स्तर, स्कूल का वातावरण, वहां उपलब्ध संसाधन जैसे बिंदुओं पर अधिकारियों की टीम अपनी रिपोर्ट तैयार करेगी। इसके साथ ही स्कूल के शिक्षकों का बैद्धिक स्तर की जानकारी लेने के लिए उनको एक फार्मेट दिया जाएगा। जिसमें शिक्षा से संबंधित सवाल होंगे, जिसे उन्हें भरना होगा। शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तारतम्य में प्राथमिक स्कूल से लेकर हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल में भी अधिकारियों की टीम जाएगी। जिसके लिए जिला स्तर पर अधिकारियों की टीम गठित होगी।


फाइल फोटो

### विषयवार शिक्षकों की हुई पदस्थापना

पूर्व में चले शिक्षा गुणवत्ता अभियान के दौरान हाई व हायर सेकेंडरी स्कूलों में विषयवार विशेषज्ञ शिक्षकों की नहीं होने की रिपोर्ट जिला स्तर के अधिकारियों को मिली थी। इस वर्ष ऐसी स्थिति हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों में निर्मित नहीं है। युक्तियुक्तकरण के तहत व्याख्याताओं की पदस्थापना हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल में की गई है।

### पर्यावरण के साथ मिड डे मील का भी लेंगे जायजा

स्कूल में शैक्षणिक गतिविधियों के साथ साथ ईको क्लब पर्यावरण जैसी गतिविधियों का संचालन होता है। अधिकारियों की टीम स्कूल में पहुंचकर आसपास पर्यावरण का जायजा लेगी। ईको क्लब के तहत स्कूलों में होने वाली शैक्षणिक एवं सामाजिक गतिविधियों का भी अवलोकन करेगी। प्रत्येक स्कूलों में ईको क्लब का गठन किया गया है। राज्य शासन से इको क्लब से 15 हजार रुपए की एक बड़ी राशि स्कूलों को मिली है। इसके अलावा बच्चों को स्कूल में दिए जाने वाले मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता भी परखी जाएगी। पूर्व में चले सोशल ऑडिट अभियान के तहत केवल शिक्षा के स्तर को परखने का काम होता था। इस बार स्कूल के पर्यावरण, वातावरण, इको क्लब और मिड डे मिल जैसे कार्यक्रम की भी रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

## बालको ने मनाया विश्व मच्छर दिवस, लगाया स्वास्थ्य शिविर



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको ने विश्व मच्छर दिवस पर विशेष पहल की। कंपनी ने जिला स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर समुदाय में जागरूकता और स्वास्थ्य शिविर लगाए। मोबाइल हेल्थ वैन के जरिए 6 अलग-अलग स्थानों पर शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों से 180 से अधिक लोगों को लाभ मिला।

शिविरों में मच्छर से होने वाली बीमारियों की जानकारी दी गई। महिलाओं और बच्चों का हीमोग्लोबिन टेस्ट किया गया। एनीमिया से बचाव के लिए पोषण संबंधी सलाह दी गई। मलेरिया की जांच की गई, लोगों का ब्लड प्रेशर और तापमान भी चेक किया गया। डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया से बचाव के तरीके बताए गए। कुछ परिवारों को मच्छरदानी भी दी गई। बालको अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक सिन्हा ने कहा कि डेंगू और मलेरिया से बचाव जरूरी है। घर के आसपास पानी जमा न होने दें। समय पर इलाज न मिलने पर ये बीमारियां जानलेवा हो सकती हैं। कंपनी ने कोरबा, चांपा और बिलासपुर रेलवे स्टेशनों पर भी जागरूकता अभियान चलाया। वहां ऑडियो संदेशों के जरिए लोगों को मच्छर से होने वाली बीमारियों के बारे में बताया गया। बालको की इस पहल से लोगों में जागरूकता बढ़ी और उन्हें स्वास्थ्य सेवाएं मिलीं।

## पार्षद एवं पीआईसी मेंबर ने उद्योग मंत्री का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गेवरा-दीपका



प्रदेश के वाणिज्य उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन को आबकारी एवं सार्वजनिक उपक्रम मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार दिए जाने पर उनके निवास कार्यालय कोहडिया में पहुंचकर पार्षद एवं पीआईसी मेंबर अरुणीश तिवारी ने पुष्पुच्छ भेंट किया। साथ ही दीपिका क्षेत्र की पुरानी मांग पाली रोड स्थित अंग्रेजी शराब दुकान को अन्यत्र स्थानांतरित किए जाने का ध्यान आकर्षण कराया एवं दीपिका नगर पालिका की अन्य समस्याओं पर चर्चा करते हुए मंत्री श्री देवांगन से आग्रह किया कि पाली रोड दीपिका में स्थित अंग्रेजी शराब दुकान के कारण आए दिन सड़क में जाम लगना एवं दुर्घटना होना आम बात है साथ ही असामाजिक तत्वों के जमघट लगने से लड़ाई झगड़ा भी होता रहता है इसलिए इस शराब दुकान को अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग लंबे समय से क्षेत्र वासियों द्वारा की जा रही है। जिसपर मंत्री श्री देवांगन ने सकारात्मक कदम उठाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर साहू समाज के जिला अध्यक्ष गिरजा साहू एवं व्यापारी प्रकोष्ठ के राकेश अग्रवाल, नीरज मिश्रा भी उपस्थित थे।

## बैडमिंटन टूर्नामेंट के लिए खिलाड़ियों की चयन स्पर्धा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना में रविवार को स्टेट मिनी व सब जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप के सीधे मेन ड्रा में जगह बनाने लिए जिले के खिलाड़ियों की चयन स्पर्धा आयोजित की गई। जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के तत्वावधान में हुई स्पर्धा में अंडर 11 में बालक-बालिका वर्ग से विवान व श्रेष्ठा और अंडर 13 में आरव व अन्वेषा का चयन हुआ है। चारों विनर खिलाड़ी 5, 6 व 7 सितंबर को कोरबा जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए बिलासपुर के टूर्नामेंट के मेन ड्रा में खेलेंगे।

बालक व बालिका के दोनों आयुवर्ग के फाइनल मुकाबले काफी रोमांचक रहे। फाइनल मैच में प्रतिस्पर्धी खिलाड़ियों ने काफी संघर्ष किया और बेस्ट ऑफ थ्री में एक एक पॉइंट्स से विजेता निर्णय हो सका। चयन स्पर्धा के विनर में अंडर 11 बालक में विनर विवान साहू, रनर अप वेदांत कौशिक, अंडर 11 बालिका में एकल एंट्री पर श्रेष्ठा साहू चयन मेन ड्रा के लिए किया गया। अंडर 13 बालक वर्ग में आरव विनर और आदित्य रनर अप रहे। अंडर 13 बालिका वर्ग में अन्वेषा विनर और रनर रवीशा अरोड़ा रनर अप रही। विनर के अलावा शेष खिलाड़ी अब अगले माह 3 और 4 सितंबर क्वालीफाइंग मैच खेलने का अवसर प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर उपस्थित रहे जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक शर्मा, सचिव गोपाल शर्मा, डॉ शिरीन लाखे एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना के अध्यक्ष डॉ संजय अग्रवाल, सोनल फेलिक्स, जोगेश सामंतो, कोच सादाब, देवांशी बरेठ, विकास पाण्डेय उपस्थित रहे।


विजयी प्रतिभागी को पुरस्कृत करते हुए।

## शिक्षक कामता का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

ग्राम पंचायत भलपहरी (कला) के राज्यपाल पुरुस्कृत शिक्षक कामता प्रसाद सिंह मरावी जो ब्लॉक बलौदा में स्थित शासकीय प्राथमिक शाला कॉलोनीगंज पंतोरा में पदस्थ हैं। कलिंगा यूनिवर्सिटी शिक्षक सम्मान समारोह में कुलपति डॉ संजीव गांधी तथा मुख्य अतिथि के रूप में आर्यवीर आर्य संस्थापक एवं महासचिव गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा साल एवं स्मृति चिह्न से सम्मानित किया गया। जिला जांजगीर चांपा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नवाचारी शिक्षक कामता प्रसाद सिंह को 5 सितंबर 2024 को रायपुर में महामहिम राज्यपाल के द्वारा पुरस्कृत होने पर 22 अगस्त को कलिंगा यूनिवर्सिटी द्वारा सम्मान दिया गया। श्री मरावी पूर्व में भी अरविंदो सोसायटी द्वारा नवाचार पर राष्ट्रीय स्तर पर भी सम्मानित किया जा चुका है। शिक्षक कामता को यह सम्मान उनके अपने उत्कृष्ट कार्यों, उल्लेखनीय उपलब्धियों, के साथ-साथ सामुदायिक सहभागिता के अंतर्गत कार्य करने, लेखन, सुपर 30, शिक्षक चेन सिस्टम, एहसास एक पहल जैसे नए-नए नवाचार कर छात्र-छात्राओं में शिक्षा के प्रति रुचि उत्पन्न कर, रचनात्मक क्रियाकलाप करवाने, खेल-खेल में ही रोचक माध्यम से शिक्षा प्रदान के लिए सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया।

## मोबाइल वेन से मवेशियों का किया जा रहा ईलाज



हरिभूमि न्यूज ⏭ बालको

पशुधन विकास विभाग द्वारा संचालित मोबाईल वेटरिनरी यूनिट वेन 1962 की टीम डॉ मार्क केनेडी, रितेश कंवर, छोटेलाल चौहान के द्वारा रविवार को लावारिश मवेशियों का निःशुल्क इलाज ग्राम बेला कछार बालको वार्ड नं 11 में किया गया जिसमें गांव के नागरिक किशन दास, सुखी दास महंत, दारा महंत, श्रीकिशन पटेल रेशम साहू, कृष महंत उपस्थित थे। उपस्थित सभी ग्रामवासियों ने मोबाईल पशु चिकित्सा इकाई वेन की टीम के कार्य को काफी सराहा।

## श्याम मंदिर से जश्न रिसोर्ट तक निकाली गई भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पितृमोक्षार्थ गया श्राद्ध निमित्त मातनहेलिया परिवार द्वारा आज से जश्न रिसोर्ट में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ प्रारंभ हो गया। इसके पूर्व मिशन रोड स्थित श्याम मंदिर से जश्न रिसोर्ट तक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। व्यास पीठ पर लब्ध प्रतिष्ठित कथा वाचक एवं जीवन प्रबंधन गुरू पं.विजय शंकर मेहता के सानिध्य में खाटू के श्याम बाबा मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद ढोल ताशे के साथ भव्य शोभा यात्रा प्रारंभ हुई। पं.श्री मेहता का स्वागत एवं पुष्पवर्षा के साथ आयोजक परिवार द्वारा उन्हें रथ पर विराजमान कराया गया और शोभायात्रा श्याम मंदिर से दर्री रोड होते हुए जश्न रिसोर्ट तक पहुंची और ब्यास पीठ पर श्रीमद् भागवत गीता की पूजा अर्चना के बाद स्थापित की गई। बड़ी संख्या में महिलाएं कलश यात्रा में शामिल हुई, जबकि मातनहेलिया परिवार के मुखिया राजबीर प्रसाद अग्रवाल ने सपत्नीक ब्यास पीठ ग्रंथ को सिर पर रखकर कथा स्थल जश्न रिसोर्ट तक पहुंचाया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मातनहेलिया परिवार के साथ कई समाज के लोग शोभायात्रा में शामिल हुए। मातनहेलिया परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ के प्रथम दिन पंडित विजय शंकर मेहता ने कहा कि भगवत गीता वह ग्रंथ है, जिसमें जीवन का गुर छुपा हुआ है। भगवत कथा सुनने से न पाप धुलता है और न ही पूण्य मिलता है, हमारा आज सुधरता है। पाप-पूण्य तो कर्म पर अधारित होते हैं। हम जैसा कर्म करेंगे, वैसा ही पाप और पूण्य मिलेगा। उन्होंने प्रथम दिन भागवत गीता का जीवन में महत्व प्रहसन पर जीवन प्रबंधन के टिप्स दिए।


शोभायात्रा में शामिल समाज की महिलाएं।

## गणेश चतुर्थी के एक दिन पूर्व मनाया जाता है तीज पर्व

# पति की दीर्घायु के लिए महिलाएं कल रखेंगी निर्जला व्रत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गणेश चतुर्वेदी के एक दिन पूर्व भादो माष के तीज को मनाया जाने वाले तीजा पर्व की अपना अलग महत्व है। इस दिन महिलाएं रातभर जागरण कर शिव पार्वती की अराधना करती हैं। यही एक ऐसा पर्व है जब ससुराल में रहने वाली महिलाएं इस पर्व को मनाने अपने पीहर पहुंचती हैं।

पति की दीर्घायु जीवन और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना का पर्व हरितालिका तीजा मंगलवार 26 अगस्त को मनायी जाएगी। इससे एक दिन पहले महिलाएं मायके पहुंचकर करू भात खायेंगी। दअरसल छत्तीसगढ़ में तीज मायके में मानते हैं महिलाएं आज करू भात खाकर निर्जला व्रत रखेंगी। इस व्रत पूजा से एक दिन पहले शाम के समय भोजन में करेला की सब्जी भात खायेंगी और खीरा खाकर सोएंगी, ताकि अन्न की डकार न आए, इसके बाद कुछ भी नहीं खाती हैं। इस दिन छत्तीसगढ़ के हर घर में करेले की सब्जी खासतौर पर बनाई जाती है। महिलाओं ने बताया कि तीज व्रत के एक दिन पहले करेला इसलिए खाया जाता है, क्योंकि करेला खाने से कम प्यास लगती है। हरतालिका तीज का उपवास महिलाएं निर्जल होकर करती है। ज्योतिषाचार्य ने बताया कि तीजा पर्व पर करू भात खाने की परंपरा है। हरतालिका तीज की पृष्ठभूमि में माता पार्वती के जीवन की एक कथा है, कहते हैं कि माता पार्वती के पिता उनका विवाह भगवान विष्णु से कराना चाहते थे, लेकिन देवी पार्वती को शिव प्रिय थे. तब उनकी सहेलियों ने पार्वती जी को महल से ले जाकर, एक गुफा में छिपा दिया। वहां माता पार्वती ने कठोर तप से भगवान शिव को पति स्वरूप में प्राप्त किया।


फाइल फोटो

### गणेश उत्सव समितियों और डीजे संचालकों की बैठक

**कोरबा।** त्योहारों के मद्देनजर कुसमुण्डा थाना में थाना प्रभारी निरीक्षक युवराज तिवारी के द्वारा डीजे ऑपरेटरों और गणेश उत्सव समिति की मीटिंग आयोजित कर व्यवस्था संबधी निर्देश जारी किया गया। डीजे संचालकों को स्पस्ट निर्देश दिया गया है कि बिना अनुमति के और गाड़ियों मे चढ़ा कर कोई भी डीजे नहीं चलाएंगे साथ ही हाईकोर्ट छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे के बीच ध्वनि विस्तार यंत्र का उपयोग वर्जित किया गया है। अगर कोई भी डीजे संचालक तय सीमा के बाद डीजे बजाते मिलेंगे तो कठोरतम कार्यवाही होगी और भारी जुर्माना के साथ राजसात की कार्यवाही भी हो सकती है। बाहर से लाकर डीजे बजाने पर तत्काल डी जे जप्त किया जायेगा।

**न्यायालय तहसीलदार दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.)**

**//ईश्तहार//**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नरेश कुमार पिता गणेश सिंह जाति कंवर साकिन रिसदी तहसील दीपका के द्वारा ग्राम रिसदी प.ह.न. 58 तहसील दीपका में स्थित आवेदक के नाम पर दर्ज भूमि ख.न. 98/1, 315/1, 293/2, 293/3 कुल ख.न. 04 कुल रकबा 0.397 हे. भूमि को एस.ई.सी.एल कुसमुण्डा परियोजना द्वारा अर्जन कर लिये जाने से अर्जन के एवज में अपने पुत्र नितेश कुमार को रोजगार हेतु नामांकित कर वंशवृक्ष सत्यापन बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 03/09/2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 14 / 08 / 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप



### राठौर समाज की ग्रामीण इकाई की हुई बैठक

**हरदीबाजार।** राठौर क्षत्रिय समाज ग्रामीण इकाई कोरबा की ओम पैलेस में एक आवश्यक बैठक आहूत की गई जिसमें सामाजिक एकता को ध्यान रखते हुए चुनाव कराने पर चर्चा हुआ संबंधित विषय बिन्दु को लेकर आगामी बैठक 31अगस्त को हरदीबाजार में रखी गई है साथ ही एक पेड़ माँ के नाम से सभी सामाजिक सदस्यों द्वारा बादाम का पेड़ लगाया गया उक्त बैठक में मुख्य रूप से चुलेश्वर राठौर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, जिला संयोजक ब्रम्हानंद राठौर, अध्यक्ष प्रेस क्लब बाबूराम राठौर, जिला सचिव ग्रामीण निलेन्द्र राठौर, जिला कोषाध्यक्ष ग्रामीण जितेन्द्र राठौर, समाजसेवी ईश्वर राठौर, जगदेव राठौर, सचिन राठौर, पप्पू राठौर,सहस राठौर,अमर राठौर, रवि राठौर, बंटी राठौर, आकाश राठौर के अलावा राठौर समाज के लोग अधिक संख्या में उपस्थित थे।

### हाईस्कूल में अहाता निर्माण के लिए विधायक ने किया भूमिपूजन



**हरदीबाजार।** कटघोरा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम मुढ़ाली में शनिवार को शासकीय हाई स्कूल में 380 मीटर लंबी अहाता जिसकी लागत 19.50 लाख रुपए से निर्माण वहीं अखरापाली धान मंडी में भी 20 लाख रुपए की लागत से अहाता निर्माण के लिए विधिवत भूमिपूजन कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल के द्वारा किया गया । कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने कहा कि हाई स्कूल भवन बनने के बाद, लंबे समय से स्कूल में अहाता नहीं होने से विघालय असुरक्षित था वहीं बच्चों को खेलकूद सहित अन्य गतिविधियों में भी परेशानी हो रही थी,अब विघालय में अहाता बन जाने से एक स्वस्छ व सुरक्षित वातावरण मिलेगा। साथ ही अखरापाली धान मंडी में अहाता निर्माण से धान खरीदी के समय फड में रखे धान की सुरक्षा के लिए अहाता होना अतिआवश्यक था,इसके बनन जाने से अब धान व कर्मचारी भी अपने आप को सुरक्षित महसूस करेंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता धर्मेंद्र राठौर,जनपद पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि दामोदर राठौर, भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन जिलाध्यक्ष अमरगाँधी राठौर, उपसरपंच अजय कुमार राठौर,सनद राठौर, फिरत कश्यप, अमित दास, सहित स्कूल के प्राचार्य पी दुबे, श्री भट पहरे, विवेक, अर्जुन लाल राठौर, चैत राम यादव, कृष्णकुमार राठौर , रमेश यादव, धनजंय दास, समारू दास, बुधवार दास, प्रमोद, रामप्रसाद, सुरेश(छोटू), राकेश कश्यप, ग्राम पंच सुरेखा महंत, संजय कुमार, राजकुमार राठौर, नील कमल राठौर, कुंजराम, फेकू कैवर्त, डिकेश्वरी, गंगा बाई, पुष्पा गढेवाल, मन्नु सांई राठौर सहित स्कूल के छात्र-छात्रायें, शिक्षक-शिक्षिकाएं सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### पोला पर निभाई परंपरा, की गई नन्दी बैलों की पूजा



**कोरबा।** भाद्रपद अमावस्या को लोक परंपरा और विश्वास के साथ समाज जीवन से जुड़े लोगों ने पोला पर्व मनाया। इस अवसर पर कृषि संसाधनों के साथ नन्दी बैलों की पूजा की गई। उनके योगदान के उपकार को रेखांकित करना इसका एक उद्देश्य था। प्राचीन कालखंड से भाद्रपद अमावस्या को पोला पर्व मनाने की परंपरा रही है। जिले के शहरी और ग्रामीण अंचल में इस त्यौहार पर कृषक समुदाय ने अपने कृषि संबंधी उपकरणों के साथ-साथ नंदी बैलों की पूजा की और उन्हें पकवान अर्पित किए। कृषक समुदाय ने अपने घरों में विधिपूर्वक नंदी अथवा उनके प्रतिकों को रख पूरी आस्था के साथ पूजा अर्चना की। इसके साथिया दर्शाने का प्रयास किया गया कि जिनके माध्यम से कृषि संबंधी कार्य संपन्न होते हैं और प्रगति सुनिश्चित होती है उनकी भूमिका को मान्यता देना आवश्यक है। सुबह से दोपहर तक विभिन्न क्षेत्रों में इस प्रकार की परंपरा का निर्वहन हिंदू समाज के द्वारा किया गया। बताया गया कि भले ही आधुनिकता का समावेश वातावरण में हो गया है, लेकिन इन सब के बावजूद लोकाचार अपनी पुरानी जड़ों से मजबूती से जुड़ा हुआ है। कृषकों ने कहा कि भारत की प्रगति में कृषि का अपना खास योगदान होता है और जो फैक्टर इसके लिए बेहद खास है उनका ध्यान रखना हमारा नैतिक कर्तव्य बनता ही है।

## ग्राम केराझरिया का मामला

# शराबबंदी को लेकर बारिश में छाता लेकर सड़क पर उतरीं महिलाएं



सड़क पर उतरकर शराबबंदी को लेकर विरोध प्रदर्शन करती महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मूसलाधार बारिश के बीच महिलाएं सड़क पर उतरीं और गांव में शराबबंदी को लेकर मोर्चा खोल दिया। इस दौरान महिलाओं ने गांव में रैली निकालकर शराबबंदी की मांग की और अवैध शराब विक्रेताओ को शराब बंद करने की चेतावनी दी।

ग्राम पंचायत केराझरिया में रविवार को शराबबंदी को लेकर महिलाओं ने शक्ति प्रदर्शन किया। झमाझम बारिश के बावजूद सैकड़ों महिलाएं छाता लेकर सड़क पर उतरीं और उन्होंने अवैध शराब विक्रेताओं को चेतावनी दी है। महिलाओं ने कहा कि शराब का अवैध कारोबार फौरन बंद नहीं हुआ तो वे प्रशासन से कार्रवाई की मांग करेंगी। साथ ही खुद भी कड़े कदम उठाएंगी। प्रदर्शन कर रही महिलाओं ने कहा कि उन्हें चिंता है कि गांव के स्कूली बच्चे, युवा और बुजुर्ग नशे की चपेट में आ रहे हैं। इससे परिवार और समाज दोनों प्रभावित हो रहे हैं। उनका कहना है कि शराब ने कई परिवारों की खुशियां छीन ली हैं। नशे की लत से परिवार टूट रहे हैं। महिलाएं हिंसा का शिकार हो रही हैं। बच्चों का भविष्य खतरे में है। गांव की सरपंच गिरजा पैकरा ने कहा कि शराब पूरे समाज को खोखला कर रही है। उन्होंने कहा कि बच्चों के भविष्य और गांव की शांति के लिए इस बुराई को जड़ से खत्म करना है। ग्रामीणों ने भी महिलाओं के इस पहल का समर्थन किया है। अब पूरा गांव एकजुट होकर शराब के खिलाफ खड़ा है।

### ग्राम नोनबिर्रा में शराबबंदी के लिए दीपका पुलिस की जागरूकता रैली



दीपका थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम नोनबिर्रा में दीपका पुलिस ने ग्रामीणों को नशामुक्ति के लिए प्रेरित करते हुए गांव में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस टीम ने ग्रामीणों को पूर्ण शराबबंदी के संबंध में समझाइश दी। कार्यक्रम के तहत गांव में ग्राम रक्षा समिति और महिला समिति का गठन किया गया। इसके बाद महिला समिति और ग्रामीणों द्वारा दीपका पुलिस की अगुवाई में पूरे गांव में जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में महिलाओं और युवाओं ने शराब छोड़ो, परिवार बचाओ नशामुक्त गांव, खुशहाल जीवन जैसे नारे लगाए। इससे पूरे गांव में उत्साह और संकल्प का माहौल बना। थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू के मार्गदर्शन में पुलिस ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि गांव में शराब बेचने या बनाने वालों को किसी भी तरह की ढील नहीं दी जाएगी। इस पहल से ग्रामीणों खासकर महिलाओं ने पुलिस को सहयोग देने का भरोसा जताया और संकल्प लिया कि नोनबिर्रा को नशामुक्त गांव बनाया जाएगा। इसी दौरान आरोपी रमेश पिता चिंता राम श्याम उम्र 35 साल साकिन तीवरता थाना दीपका को गांव के बाहर शराब बेचते हुए पकड़कर उसके कब्जे से 6 लीटर कच्ची महुआ शराब व एक मोटरसाइकिल जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है जिसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया जाएगा। भ्रमण के दौरान ही नॉनबिर्रा गांव में शराब से संबंधित शिकायत वाले लोगों को समझाईश दिया गया और 7 लोगों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी किया गया।

### एमपी निर्मित शराब पकड़ी गई

कोरबी चौकी पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि एक वाहन में शराब की तस्करी की जा रही है। उसने मुख्य मार्ग पर नजर रखी और संबंधित वाहन के आने की प्रतीक्षा की। पूछताछ में पता चला कि संबंधित ब्रांड पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश में उत्पादित हुआ है। नियम विरुद्ध रूप से उसे छत्तीसगढ़ में खपाने की कोशिश की जा रही थी। इसमें अलग-अलग ब्रांड की शराब के होने की बात सामने आई। इसके अनुसार संबंधित मात्रा की गणना शुरू कराई गई। इसके हिसाब से इसकी लागत का आंकलन किया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि सूक्ष्म स्तर पर होने वाले अनुसंधान में उन तथ्यों का पता चल सकेगा की मध्यप्रदेश के किस इलाके से शराब को वहां में लोड किया गया और उसे छत्तीसगढ़ में कहां पर अनलोड करने की तैयारी थी। जानकारी के अनुसार इस पूरे मामले में नेटवर्क को तलाश में का काम किया जा रहा है कि आखिर कौन-कौन लोग इसमें शामिल हैं और जो इस तरीके से अपनी गतिविधियों को बेख़ौफ ढंग से अंजाम देने में लगे हुए हैं।

### चखना दुकान संचालक और युवक के बीच मारपीट

ग्राम बरपाली में अंग्रेजी शराब दुकान और अहाता सेंटर को लेकर विवाद गहरा गया है। अहाता सेंटर के संचालक राजेश शर्मा ने जिला आयुक्त से मिलकर पड़ोसी कैला रात्रे पर अवैध शराब बिक्री का आरोप लगाया है। राजेश का आरोप है कि कैला रात्रे अपने घर और दुकान में अवैध रूप से शराब पिलाती हैं। जब उन्होंने कैला को समझाया कि दुकान में केवल चखना बेचा जा सकता है तो उन्होंने इसे व्यक्तिगत मुद्दा बना लिया। 21 अगस्त को बरपाली में ग्रामसभा बुलाई गई। सरपंच और पंचायत सदस्यों ने गांव से अंग्रेजी शराब दुकान हटाने का प्रस्ताव पारित किया। कैला रात्रे ने इस निर्णय को नहीं माना। राजेश के मुताबिक कैला ने अपने परिचित प्रकाश दास महंत उर्फ पड़की को शराब पिलाकर अहाता सेंटर में तोड़फोड़ करवाई। प्रकाश ने राजेश के साथ मारपीट की और उनके परिवार को गालियां दीं। बचाव में राजेश को भी चोटें आईं।

## प्रार्थना सभा में बवाल, बजरंग दल ने धर्मांतरण का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



प्रार्थना सभा के दौरान दोनों पक्षों को समझाइश देती पुलिस।

बालको के गणेश नगर स्थित एक मकान मे प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया था। इस बीच बजरंग दल के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रार्थना सभा के आयोजनकर्ताओं के ऊपर धर्मांतरण का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन शुरु कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची जिसके बाद दोनों पक्ष थाना पहुंचे। बजरंग दल द्वारा मामले में पीटर नामक व्यक्ति के खिलाफ प्रार्थना सभा की आड़ में धर्मांतरण करने का आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाइश दी है और मामले में कार्यवाही शुरु कर दी है।

**खास बात**

- दोनों पक्ष पहुंचे थाने, की शिकायत, पुलिस कर रही मामले की जांच, बालका थाना क्षेत्र का मामला

बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत गणेश नगर वार्ड 41 में निवासरत पीटर नामक व्यक्ति द्वारा अपने घर में प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया था। जिसके लिए प्रशासन से किसी प्रकार की अनुमति प्राप्त नहीं की गई थी। प्रार्थना सभा के नाम पर धर्मांतरण की सूचना मिलने पर बजरंग दल के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और विरोध प्रदर्शन शुरु कर दिया। बजरंग दल के सदस्यों का आरोप है कि प्रार्थना सभा की आड़ में धर्मांतरण का खेल खेला जा रहा है। वहीं दूसरे पक्ष का कहना है कि हम केवल प्रार्थना सभा का आयोजन किए थे जिसमें केवल प्रभु की प्रार्थना की जाती है। किसी भी प्रकार से प्रलोभन देकर धर्मांतरण नहीं कराया जाता। मामले की सूचना मिलने पर बालको पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को थाने बुलाया गया। थाने में भी दोनों पक्षों के बीच आरोप प्रत्यारोप का दौर जारी रहा। हालांकि दोनों पक्षों को पुलिस ने समझाइश दी है। बजरंग दल ने मामले में शिकायत दर्ज कराई है जिसमें पीटर एवं उससे जुड़े व्यक्तियों द्वारा बिना अनुमति प्रार्थना सभा आयोजित कर स्थानीय आदिवासी समाज की संस्कृति एवं परंपराओं के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है जो कि आदिवासी बहुल क्षेत्र कोरबा में गंभीर चिंता का विषय है, संगठन के पास उपलब्ध वीडियो साक्ष्य के अनुसार उक्त व्यक्ति द्वारा हिन्दू धर्म के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी भी की गई है, जो धार्मिक सौहार्द्र को भंग करने वाली आपराधिक गतिविधि है। इस सभा के दौरान उपस्थित भीड़ द्वारा बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को गाली-गलौज कर बेरोजगार, दारू वाले जैसी अपमानजनक बातें कही गईं, जो पूर्णतः निंदनीय है एवं कार्यकर्ताओं का मनोबल गिराने वाली है। अवैध धर्मान्तरण कराने वाले इन व्यक्तियों पर छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य अधिनियम 1968 (संशोधित अधिनियम 2006) एवं भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के अंतर्गत कठोर कार्यवाही की जानी चाहिए। पुलिस ने मामले में कार्यवाही शुरु कर दी है।

**की जा रही है कार्रवाई**

सूचना मिलने पर पुलिस की टीम गणेश नगर स्थित मकान पर पहुंची थी जहां प्रार्थना सभा का आयोजन किया जा रहा था। मामले में शिकायत दर्ज कर कार्यवाही शुरु कर दी गई है। इसे लेकर थाने में कोई घेराव नही हुआ था।


**-अभिनव कांत सिंह**, थाना प्रभारी, बालको

### आंगनबाड़ी केंद्रों में मनाया गया रजत जयंती वर्ष

**उमरेली।** जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थित ग्राम पंचायत उमरेली में महिला बाल विकास विभाग द्वारा संचालित आंगनबाड़ी केंद्र में छत्तीसगढ़ राज्य गठन के रजत जयंती वर्ष के रूप में आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 में धूमधाम के साथ मनाया गया। जिसमें ग्राम उमरेली के समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों के कार्यकर्ता एवं क्षेत्र की सुपरवाइजर सीमा यादव उपस्थित रहे। आंगनबाड़ी क्षेत्र के माता बहनों को कार्यक्रम में बुलाकर सुपरवाइजर सीमा यादव द्वारा स्वास्थ्य शिक्षा और उनके अधिकारों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। साथ ही मातृ शक्ति बाल स्वास्थ्य महिला सशक्तिकरण पोषण एवं स्वास्थ्य महिलाओं के अधिकार से उनको अवगत कराया गया। उपस्थित महिलाओं को सरकार द्वारा चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर महिला हेल्पलाइन नंबर आदि विषयों पर भी चर्चा की गई। इस मौके पर अन्नपूर्णा सोनी छाया सोनी, आशा देवी देवांगन, ध्वज सूर्यवंशी, उषा कुर्रे एवं जय कुमारी चंद्राकर सहित क्षेत्र की माता बहनों की भारी उपस्थिति रही।

## बालको अस्पताल में प्लास्टिक सर्जरी की सुविधा उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




बालको अस्पताल में अब प्लास्टिक एवं रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी की आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। अस्पताल के नए प्लास्टिक सर्जन डॉ.सी साई कुमार अब मरीजों को अत्याधुनिक प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी की सेवाएँ प्रदान करेंगे। अब चेहरे और शरीर से जुड़ी जटिल सर्जरी की आधुनिक सेवाएँ बालको अस्पताल में उपलब्ध हैं। डॉ.कुमार प्लास्टिक और पुनर्निर्माण सर्जरी में प्रशिक्षित विशेषज्ञ हैं। उन्होंने अपनी डीआरएनबी ट्रेनिंग शिजा हॉस्पिटल एडं रिसर्च इंस्टिट्यूट, इम्फाल से पूरी की है। छह साल के अनुभव के साथ उन्हें चेहरे की पुनर्निर्माण सर्जरी, जन्मजात विकृतियों का उपचार जैसे कटे होंठ, जलने के बाद सुधारात्मक सर्जरी, ट्रॉमा एवं दुर्घटना के बाद इलाज एवं कॉस्मेटिक सर्जरी में विशेषज्ञता हासिल हैं। बालको के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक सिन्हा ने कहा कि नए विशेषज्ञ के जुड़ने से मरीजों को अब प्लास्टिक सर्जरी के लिए बड़े शहरों तक जाने की आवश्यकता नहीं होगी। सर्जरी से केवल मनचाहा बदलाव ही नहीं मिलता, बल्कि इससे आत्मविश्वास भी बढ़ता है। इस सर्जरी के जरिए नाक, चेहरे, गाल, कान, ठुड्डी, होंठ और ब्रेस्ट को परफेक्ट शेप दिया जा सकता है। इसके साथ ही दुर्घटनाओं अथवा गंभीर बीमारियों के कारण प्रभावित लोगों में खोए हुए चेहरे के साथ खोया हुआ आत्मविश्वास भी वापस लौट आता है। उन्होंने कहा कि बालको अस्पताल का उद्देश्य है कि जिले के लोगों को घर के नजदीक ही सर्वोत्तम स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध हों। प्लास्टिक सर्जरी में शरीर के किसी भी अंग का टिश्यू लेकर दूसरे अंग को ठीक किया जाता है, जिससे किसी भी महिला या पुरुष के शरीर को आकर्षक और नया रूप दिया जा सकता है। किसी दुर्घटना में अपना अंग क्षतिग्रस्त होने पर यह सर्जरी मददगार साबित होती है। साथ ही आग और तेजाब से घायल होने वालों के लिए भी प्लास्टिक सर्जरी वरदान साबित हुई है। हालांकि, प्लास्टिक सर्जरी का दायरा केवल उपचार तक सीमित नहीं है। आजकल इसका सबसे ज्यादा प्रयोग लोगों द्वारा अपनी सुंदरता बढ़ाने के लिए किया जाता है। आंकड़ों के अनुसार, हमारे देश ने प्लास्टिक सर्जरी के क्षेत्र में काफी प्रगति की है।

## पसान आत्मानंद स्कूल में होंगी मानदेय शिक्षकों की भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड अंतर्गत आने वाले पसान तहसील अंतर्गत संचालित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती को लेकर छात्रों ने चक्काजाम आंदोलन शुरु किया था। जिसके बाद अधिकारियों ने संज्ञान लेते हुए मानदेय शिक्षकों की भर्ती करने का निर्णय लिया है। पसान के अलावा कोरबी क्षेत्र के आत्मानंद स्कूलों के छात्रों ने जिला मुख्यालय में पहुंचकर शिक्षकों की मांग की थी।

**खास बातें**

- छात्रों ने किया था चक्काजाम आंदोलन
- बीते तीन वर्षों से जिले के सभी आत्मानंद स्कूलों में रुकी हुई है भर्ती

बीते तीन वर्ष से जिले में संचालित 15 स्वामी आत्मानंद स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती लटकी हुई है। लगातार शिक्षकों की कमी के कारण पढ़ाई प्रभावित हो रही है। किंतु किसी न किसी तकनीकी कारणों से शिक्षकों एवं अन्य स्टॉफ की भर्तीनहीं हो पा रही है। जिससे स्कूल की अन्य व्यवस्थाएं भी प्रभावित हैं। पसान स्वामी आत्मानंद स्कूल के छात्रों ने कोरबा पेंड्रा मार्ग जाम कर दिया था। अचानक हुए इस चक्काजाम आंदोलन से तहसीलदार और विकासखंड शिक्षा अधिकारी मौके पर पहुंचे और छात्रों को समझाइश दी, तब जाकर दो घंटे बाद आंदोलन समाप्त हुआ था। उसके तत्काल बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने 10 दिन के अंदर मानदेय स्तर पर शिक्षकों की भर्ती करने का आश्वासन दिया। इसी दौरान दो दिन पूर्व स्वामी आत्मानंद पसान में शिक्षकों की भर्ती करने का निर्णय लिया गया है। इसके आवेदन मंगाने की प्रक्रिया शुरु की जाएगी। हालांकि अभी तक कोरबी के आत्मानंद स्कूल में शिक्षकों की भर्ती के लिए किसी तरह का निर्णय नहीं हुआ है।

## रिस्दी गांव के 281 लोगों ने मुआवजा लेने से किया इंकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल कुसमुंडा खदान विस्तार से प्रभावित रिस्दी गांव के 281 खातेदारों ने मुआवजा राशि लेने से इंकार कर दिया है। प्रबंधन की ओर से इन्हें चौथी बार आवेदन करने की सूचना जारी की गई है।

**खास बात**

- एसईसीएल कुसमुंडा खदान विस्तार से प्रभावित हैं गांव के लोग

नोटिस में साफ कहा गया है कि यदि 15 दिनों के भीतर प्रभावित खातेदार मुआवजा राशि नहीं लेते हैं, तो यह राशि ट्रिब्यूनल कोर्ट में जमा करा दी जाएगी। विरोध मुआवजा लेने से इनकार करने वालों में आधे से अधिक छोटे खातेदार शामिल हैं। पूर्व सरपंच प्रताप सिंह कंवर ने कहा कि कई ग्रामीण कोल इंडिया की 2012 की आरएंडआर पॉलिसी के तहत नौकरी की मांग को लेकर मुआवजा नहीं ले रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक उन्हें खदान विस्थापन की स्थिति में रोजगार की गारंटी नहीं मिलेगी, वे मुआवजा स्वीकार नहीं करेंगे। खनन कार्य शुरू करने की तैयारी प्रबंधन का लक्ष्य है कि जल्द ही रिस्दी की जमीन से मिट्टी का खनन कार्य शुरू किया जाए। वर्तमान में खोडरी क्षेत्र से ओवरबर्डन हटाने का काम चल रहा है। मानसून के बाद इस प्रक्रिया में तेजी लाई जाएगी। खदान विस्तार की सबसे बड़ी चुनौती प्रभावित गांवों का पुनर्वास और बसाहट है। खोडरी गांव के विस्थापित परिवारों को पहले ही वैशाली नगर के पास बसाने की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। उत्पादन लक्ष्य से 8 मिलियन टन पीछे कुसमुंडा खदानएसईसीएल प्रबंधन फिलहाल उत्पादन के मामले में बड़ी चुनौती का सामना कर रहा है। चालू वित्तीय वर्ष में कुसमुंडा खदान अब तक निर्धारित लक्ष्य से 8 मिलियन टन पीछे चल रही है। प्रबंधन को उम्मीद है कि रिस्दी व खोडरी के विस्थापितों को नौकरी देकर खदान विस्तार की राह आसान होगी और उत्पादन में बढ़ोतरी हो सकेगी।शिविर में 25खातेदारों ने जमा किया नामांकन फॉर्मगुरुवार को रिस्दी गांव में एसईसीएल की ओर से शिविर लगाया गया, जिसमें प्रभावित खातेदारों की कट-ऑफ सूची जारी की गई। इस दौरान 25 खातेदारों ने जमीन अधिग्रहण के बदले नौकरी पाने के लिए नामांकन फॉर्म जमा किए।शिविर में कटघोरा एसडीएम तन्मय खन्ना , दीपका तहसीलदार अमित केरकेट्टा, कुसमुंडा एरिया जीएम एसटी पाटिल, जीएम (संचालन) एके राय व भूमि एवं राजस्व विभागाध्यक्ष केएस चौहान मौजूद रहे।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

